# <u>हिंदी दिवस</u>

हम सब का अभिमान है हिंदी, भारत देश की शान है हिंदी।

हिंदी भारत देश की मातृभाषा है।हमारी भाषा हिंदी भारत का श्रृंगार और वेदों का सार है।मातृभाषा देश की धरोहर होती है। हिंदी की गरिमा को बनाए रखते हुए तथा हिंदी भाषा के व्यापक संदेश का प्रचार करने के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुड़गाँव में **14** सितंबर **2022** को हिंदी दिवस बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया।

हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में कक्षा चार व पाँच में विभिन्न प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया गया।सुलेख, हास्य कविता आदि प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बहुत उत्साह से भाग लिया।रोचक गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखार कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

हिंदी दिवस की विशेष प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा प्रस्तुत श्लोक व समूह गान ने सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर विद्यालय के अंतर सदन में हास्य कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें हिंदी विभाग की अध्यापिका श्रीमती किरण सोनी और श्रीमती रीतू भाटी जी को निर्णायक गण के रूप में आमंत्रित किया गया।निर्णायक गण एवम् मुख्याध्यापिका श्रीमती लवीना हेमरजानी द्वारा विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितिय एवम् तृतीय स्थान संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

विद्यार्थियों में परिश्रम व आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करने हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुडगाँव सदैव अग्रणी  रहा है।




